# निवेशकों की जैसी जरूरत वैसी मदद करेगी सरकार

## सीएम ने मुंबई में वर्ल्ड हिन्दू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है. मध्यप्रदेश में निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हर संभव मदद करने को तत्पर है.**

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश करने के इच्छुक हर निवेशक के लिए हमारी सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है.




निवेशकों की जरूरतों से हम वाकिफ हैं, इसीलिए जैसी जरूरत, हमारी सरकार निवेशकों की वैसी मदद करेगी. हम सब मिलजुलकर मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे. देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में 25 दिसंबर को भारतरत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में शामिल होने के लिए ग्वालियर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष के सफल समापन का साक्षी बनेगा.

### कागजों तक सीमित नहीं रखा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में से एक है. हमने ईज ऑफ डूइंग को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारते हुए उसे स्पीड स्केल और स्किल ऑफ डूइंग में परिवर्तित कर दिया. उन्होंने कहा कि हमने 18 नई औद्योगिक पॉलिसी लॉन्च कीं, जो प्रदेश की ग्रोथ के लिए गेम चेंजर सिद्ध हो रही हैं. धार जिले में देश के पहले और सबसे ब? पीएम टेक्सटाइल पार्क का भूमि-पूजन किया गया है। यह पार्क फार्म-टू-फाइबर-टू-फैक्ट्री-टू-फैशन-टू-फॉरेन के विजन को साकार करेगा.



# घने कोहरे का कहर जारी

### 01 किलोमीटर से भी कम रह गई दृश्यता

**भोपाल, 19 दिसंबर. मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है. प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में ठंड सबसे अधिक पड़ रही है, जहां कई शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है.**

इंदौर और उज्जैन संभाग के अनेक इलाकों में रात और सुबह के समय कंपकंपी छुड़ाने वाली ठंड महसूस की जा रही है. वहीं प्रदेश के उत्तरी हिस्सों ग्वालियर-चंबल, रीवा और सागर संभाग में घना कोहरा लोगों की परेशानियों का कारण बन रहा है.

घने कोहरे के कारण दृश्यता कई स्थानों पर एक किलोमीटर से भी कम रह गई है. शुक्रवार सुबह प्रदेश के 13 जिलों में कोहरे का व्यापक असर देखने को मिला, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ. सुबह के समय वाहनों की रफ्तार धीमी रही और लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहा. इस दौरान शाजापुर और शिवपुरी जिलों में शीत लहर का प्रभाव दर्ज किया गया, जबकि इंदौर जिले में तीव्र शीत लहर की स्थिति बनी रही. अधिकतम तापमानों में सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. नर्मदापुरम और चंबल संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा.

> न्यूनतम तापमान की बात करें तो रीवा संभाग में इसमें 2.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि भोपाल संभाग में तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री तक कम रहा. इंदौर और उज्जैन संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.0 से 2.2 डिग्री तक कम दर्ज किया गया. शहडोल और रीवा संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा. मौसम विभाग के अनुसार जम्मू एवं आसपास के क्षेत्रों में 3.1 किमी ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जबकि दक्षिण-पश्चिम ईरान क्षेत्र में 5.8 किमी ऊंचाई पर एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ मौजूद है.

## एक नजर में

### नए इमाम को लेकर दो पक्षों में टकराव-तनाव

**जबलपुर.** गोहलपुर थाना अंतर्गत अंसार नगर चोपड़ा स्थित नमाजगाह के नए इमाम को लेकर शुक्रवार को जुमे की नजाम के बाद टकराव हो गया. तनाव के चलते प्रशासनिक अधिकारियों ने मस्जिद को सील कर दिया. मामले को लेकर गहमा-गहमी का माहौल निर्मित हो गया था. अंसार नगर चोपड़ा में स्थित नमाजगाह में हजरत मौलवी रियाज आलम मिस्बाही इमाम थे जो लंबे समय से नमाज अदा कराते आ रहे थे लेकिन उनकी तबियत खराब होने के चलते उन्होंने इमाम के पद से इस्तीफा दे दिया था. जिसके बाद मस्जिद कमेटी द्वारा नए इमाम की नियुक्ति हुई.

### लग्जरी कार से 100 किलो डोडाचूरा बरामद

**नीमच.** पुलिस ने जीरन थाना क्षेत्र के हर्कियाखाल फंटा फोरलेन पर 100 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया. इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है. बरामद डोडाचूरा, एक लग्जरी कार और मोबाइल फोन सहित कुल मशरुका की कीमत लगभग 11 लाख 14 हजार रुपए आंकी गई है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन और नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव की टीम ने की. घटना गुरुवार रात की है, जहां पर एक सूचना के आधार पर तलाशी के दौरान कार से मादक पदार्थ मिला.

# उज्जैन में एनडीपीएस एक्ट के तहत 71 प्रकरण दर्ज

### 104 आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन , 19 दिसंबर. जिले में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत इस वर्ष विभिन्न थानों में कुल 71 अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में एनकार्ड (नार्को को-ऑर्डिनेशन समिति) की मासिक बैठक आयोजित की गई. नार्कोटिक एवं अन्य मादक दवाओं की रोकथाम और बेहतर समन्वय के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकार्ड समिति का गठन किया गया. बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने बताया कि जिले में दर्ज 71 प्रकरणों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से गांजा 54 किलो 594 ग्राम, डोडाचूरा 87 किलो 950 ग्राम, स्मैक अथवा ब्राउन शुगर 18 ग्राम, चरस 506.28 ग्राम, एमडी ड्रग्स 109.3 ग्राम, मेकाडीन 58 ग्राम और एमडीए 279.66 ग्राम भी जप्त किया गया.

# कोर्ट के आदेश के बाद काउंसलिंग शुरू

### 19 से 30 दिसंबर तक आयोजित

### मध्यप्रदेश नर्सिंग ने की पीजी काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद प्रदेश नर्सिंग काउंसिल ने पोस्टग्रेजुएट नर्सिंग पाठ्यक्रमों पोस्ट बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है.**

यह काउंसलिंग 19 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिससे प्रदेश के हजारों नर्सिंग विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है.




यह निर्णय एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा दायर याचिका के बाद लिया गया है, जिसमें नर्सिंग शिक्षा में लंबे समय से चली आ रही अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाहियों को उजागर किया गया था. रवि परमार ने कहा कि नर्सिंग घोटाले के बाद से मध्य प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा का स्तर लगातार गिरा है और पिछले तीन वर्षों से लगभग 75 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी हैं.

> उन्होंने चेतावनी दी कि यह स्थिति प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकती है. जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 से 22 दिसंबर तक पंजीयन किया जाएगा. 23 दिसंबर को रिक्त सीटों की जानकारी और मेरिट सूची जारी होगी. 24 और 25 दिसंबर को चॉइस फिलिंग होगी, 27 दिसंबर को प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी किया जाएगा, जबकि 28 से 30 दिसंबर के बीच दस्तावेज सत्यापन और कॉलेजों में रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

# टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### महिला कांग्रेस ने की विजय के इस्तीफे की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया.**

इस दौरान कैबिनेट मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहीं सैकड़ों महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता श्यामला हिल्स स्थित विजय शाह के बंगले का घेराव करने के लिए जुलूस के रूप में निकली थीं. सभी कार्यकर्ता पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुईं और वहां से नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ीं. स्थिति को देखते हुए पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड्स लगाकर जुलूस को रोक दिया. नारेबाजी तेज होने पर पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, जिनमें रीना बौरासी सेतिया भी शामिल थीं. महिला कांग्रेस का आरोप है कि विजय शाह ने रतलाम में अधिकारियों की बैठक के दौरान लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है.




# तीव्र गति से चल रहे हैं ट्रैक रिन्यूअल के कार्य

## ट्रैक एवं गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता होगी और अधिक सुदृढ़



**भोपाल, 19 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेज़ी से निष्पादित किया जा रहा है.**

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है. ट्रैक नवीनीकरण के अंतर्गत कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सीटीआर), थ्रू रेल रिन्यूअल (टीआरआर), थ्रू स्लीपर रिन्यूअल, थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल तथा डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण संरक्षा कार्य किए जा रहे हैं. ये सभी कार्य ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न किए जाते हैं.

> चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अप्रैल से नवम्बर 2025 तक अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत 291.03 ट्रैक किलोमीटर रेल नवीनीकरण, 184.26 ट्रैक किलोमीटर स्लीपर नवीनीकरण, 347 यूनिट टर्नआउट नवीनीकरण, 220 यूनिट टर्नआउट अनुरक्षण तथा 447.85 ट्रैक किलोमीटर डीप स्क्रीनिंग कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है. इन समस्त नवीनीकरण एवं अनुरक्षण कार्यों से ट्रैक की मजबूती में वृद्धि के साथ-साथ यात्री एवं मालगाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है. पश्चिम मध्य रेल संरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध रहते हुए निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में निरंतर प्रगति कर रही है.

# विकास की योजना साझा करेंगे विकास मंत्री

## आज पांच राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक उत्तरी एवं मध्य राज्यों 20 दिसंबर शनिवार प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल में आयोजित हो रही है.**

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख शहरी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करना है. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत



भोंडवे ने बताया कि यह बैठक उत्तरी एवं मध्य राज्यों राज्यों की योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने, क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को साझा करने, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा मंत्रालय से नीतिगत एवं रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी. क्षेत्रीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यो के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सहभागिता करेंगे.

> कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा. इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह कार्य-दिशा पुस्तिका स्वच्छता, स्थायित्व तथा नागरिक-केंद्रित शहरी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. बैठक के दौरान पाँच सत्रों में शहरी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. इन सत्रों के माध्यम से केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकेगा.

### अधिकारियों ने प्रयागराज कुंभ के अनुभव किए साझा

**उज्जैन.** आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व में बिजली व्यवस्था को लेकर उत्तरप्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने दौरा कर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को आवश्यक सुझाव दिए. गत दिवस यहां आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से आए वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान विद्युत आपूर्ति के लिए वहां की पूर्व की तैयारी, एग्जीक्यूशन तथा मेले के दौरान अपने अनुभव साझा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया. इस दौरान विभिन्न सुझावों पर भी चर्चा की गयी.

# विधायक पुत्र व बस कंडक्टर का विवाद

### जनता की फजीहत

**देवास, 19 दिसंबर. बागली के विधायक पुत्र के साथ बस कंडक्टर से हुआ विवाद वीडियो वायरल होने के बाद जन चर्चा का विषय बन गया है. इस सब में जनता की फजीहत हो गई.**

बागली विधायक मुरली भंवरा के पुत्र उत्तम भंवरा का बस में हुए विवाद का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. वायरल वीडियो के पश्चात कांग्रेस जिला ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि मुझे भी सोशल मीडिया से जानकारी मिली है .अगर इस तरह की कोई घटना हुई है तो गलत है और गाड़ी को अगर पकड़ा है तो सवारियों के लिए वैकल्पिक की जाना चाहिए. सूत्रों की माने तो इंदौर से रतनपुर चलने वाली पराग बस में विधायक पुत्र अपने साथियों के साथ इंदौर से बागली आ रहे थे उसी दौरान किसी बात पर विधायक पुत्र का बस कंडेक्टर से विवाद हो गया. विवाद की सूचना जब विधायक को मिली तो उन्होंने थाना बागली को सूचना देकर बस को बागली थाने पर खड़ी करवा ली. जिससे बस में सवार यात्रियों को परेशान होना पड़ा हालांकि कहा जा रहा है कि बाद में एक अन्य बस की व्यवस्था की गई.





> लगातार सड़को पर हो रही दुर्घटनाओं के चलते पूर्व से ही बागली थाने पर क्षेत्र में संचालित बसों के दस्तावेज जांच करने के लिए कहा था. मेरे पुत्र का कोई विवाद नही हुआ है.
>
> **– मुरली भंवरा, विधायक बागली**
>
> बागली और हाटपिपल्या विधायक के नाम से उनके कार्यकर्ता और मिलने जुलने वाले निजी बस संचालको से हमेशा किराए के लिए विवाद करते है. यह सत्ता का मद है जो अधिक दिन नही चलेगा .इसी प्रकार पूर्व में एक विधायक का थप्पड़ कांड उनके राजनीति केरियर को ले डूबा था.
>
> **– सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री**

**उपलब्धियां** | पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा

# नर्मदा में ना मिले गांवों का गंदा पानी

### 01 वर्ष में काम करने में जताई असमर्थता

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने साफ किया है कि गांवों का गंदा पानी नर्मदा जी में नहीं मिले, इस काम को करने के लिये हम दो वर्ष का समय लेंगे. एक वर्ष में नहीं कर पाएंगे.**

यह बात उन्होंने शुक्रवार को दो वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वे कोई ऐसा वादा नहीं करना चाहते, जिसकी पूरी प्लानिंग नहीं हो. दरअसल गुरुवार को ही नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि एक वर्ष के अंदर नर्मदाजी में पंचायत और शहरी क्षेत्रों का गंदा जल नहीं मिलेगा. इसके लिये इंटर कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक हो चुकी है. इस दौरान पटेल ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को केवल संस्थागत विकास के लिये ही 2500 करोड़ रुपये मिले हैं, जो कि अब तक कभी नहीं मिले थे. वहीं उन्होंने बताया कि अब जिला और जनपद के जो भी भवन बनेंगे, वे तीन मंजिला तक बन सकेंगे. विभाग में पौधरोपण की जो व्यवस्था बनाई गई, उसमें ज्यादातर पौधे अब विकसित हो रहे हैं, ये इसलिये कि हमने पहले ही पौध रोपण के लिये शर्त रख दी थी कि जहां पानी देने और फेंसिंग की व्यवस्था नहीं होगी, वहां पौधरोपण करने का कोई औचित्य नहीं रहेगा, इसलिये हमने बजट में फेंसिंग का भी प्रावधान किया. उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग के तहत बनने वाले नये भवन के लिये दो एकड़ जमीन की अनिवार्यता की गई है.




### गांवों को दो वर्ष में सड़कों से जोड़ देंगे

पटेल ने बताया कि अगले दो वर्ष के भीतर ऐसी सभी गांव जिनकी आबादी 500 तक हैं, उनको बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ दिया जाएगा, इसी तरह आदिवासी बहुल गांव जहां आबादी 250 तक हैं, उनको भी दो वर्ष में पक्की सड़कों से जोड़ दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि बारहमासी सड़कों के क्राइटेरिया को भी बदला गया है. अब किसी भी स्थिति में आवागमन बंद नहीं होने वाली सड़कों को ही बारहमासी माना जाएगा.

### महिलाओं को नाइट शिफ्ट की अनुमति दी

श्रम विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए मंत्री पटेल ने बताया कि महिलाओं के नाइट शिफ्ट में काम करने पर लगी रोक हटाई गई है. कारखानों में केवल 14 खतरनाक प्रकियाओं में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को छोड़कर बाकी सभी में काम करने की अनुमति दी गई है.

### 20 आवास वाले को भी माना जाएगा बसाहट

मंत्री ने बताया कि अब बसाहटों की नई परिभाषा तय की गई है. अब 6 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में कम से कम 20 आवास और 100 की आबादी को भी बसाहट में शामिल किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र में आवास के लिये भी नक्शे पास कराना जरुरी होगी.



# 26 करोड़ से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज का किया निरीक्षण

**सिंगरौली 19 दिसंबर. गनियारी में 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य में गति लायें एवं समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें. कलेक्टर ने एम्फीथिएटर कक्ष के साथ-साथ अध्ययन कक्ष एवं मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण किए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया की पीजी कॉलेज के व्यवस्थित विस्तारीकरण के लिए ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी के साथ-साथ पहुँच मार्ग निर्माण के लिए योजना तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति प्रदान हो सके.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14